21-प्रदेश के सुनियोजित एवं बहुमुखी विकास के लिये सरकार विभिन्न सामाजिक तथा आर्थिक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु कटिबद्ध है । प्रदेश की खुशहाली, गांव की खुशहाली पर निर्भर है । मेरी सरकार ने गांव के विकास को वरीयता दी है वार्षिक योजना में लगभग 60 प्रतिशत परिव्यय गांव के विकास के लिये आवंटित किया जायेगा । मेरी सरकार ने एक नारा दिया था "नई सरकार जनता के द्वार"। किसान सेवा केन्द्र की स्थापना, इसी संकल्प को साकार करने के लिये की जा रही है । उर्वरक, बीज, ऋण, इत्यादि कृषि संबंधी सुविधाओं के साथ अब अन्य कल्याणकारी सुविधायें, जो ग्राम स्तरीय कर्मचारियों के माध्यम से मिलती हैं, भी न्याय पंचायत स्तर पर प्रत्येक सप्ताह उपलब्ध होंगी। सरकार का यह संकल्प है कि किसानों की समस्याओं का समाधान न्याय पंचायत स्तर से हो जाय । इसी प्रकार विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समस्याओं का समाधान भी स्थानीय स्तर पर हो सकेगा ।

22-एकीकृत ग्रामीण विकास योजना और जवाहर रोजगार योजना के अन्तर्गत रोजगार के अवसर एवं स्थाई परिसम्पत्तियों के सृजन का कार्य किया जा रहा है। लघु एवं सीमान्त कृषकों की सिंचन क्षमता बढ़ाने क लिये दिसम्बर माह तक एक लाख से अधिक निःशुल्क बोरिंग कार्य पूर्ण कराया जा चुका है । जनवरी, 1992 तक निर्धारित 20,000 निजी नलकूपों के ऊर्जीकरण के लक्ष्य के विपरीत 19,339 नलकूपों की ऊर्जीकरण किया जा चुका है।

23- गत 6 महीनों में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 70 हजार हेक्टेअर अतिरिक्त क्षेत्र की सिंचाई की गई, जिसमें 9 हजार हेक्टेअर नहरों द्वारा और 61 हजार हेक्टेअर नलकूपों द्वारा सींचा गया । 'दीनदयाल सिंचाई योजना' के अन्तर्गत अनुसूचित जाति बहुल 100 ग्रामों में राजकीय नलकूपों का निर्माण किया गया है । सिंचाई संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु जनपद सिंचाई बन्धु की स्थापना की गयी है। मेरी सरकार क्षेत्रीय सिंचन विषमता दूर करेगी ।

24- मेरी सरकार नदियों के जल बटवारे के विवादों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में विचार-विमर्श के माध्यम से हल करने का पूर्ण प्रयास कर रही है। इस दिशा में हाल ही में मध्य प्रदेश के साथ मंत्री स्तर पर वार्ता द्वारा वर्षों से लंबित प्रकरणों पर समझौता हुआ है । इस समझौते से प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में सिंचाई सुबिधाओं के विकास को नई गति मिलेगी ।

यमुना नदी के जल बंटवारे के प्रकरण में भी राज्य के हितों की पूर्ण रक्षा करते हुए शीघ्र समझौता करने की दिशा में मेरी सरकार तत्पर है । मुझे विश्वास है कि इस विवाद से जुड़े अन्य प्रदेशों द्वारा भी समस्या के समाधान हेतु रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाया जायेगा ।

25-केन्द्र की नयी औद्योगिक नीति को दृष्टिगत रखते हुए राज्य के औद्योगिक विकास के लिये कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है जिनमें अवस्थापना सुबिधाओं का उच्चीकरण, प्रोत्साहनों तथा सुविधाओं को आकर्षक तथा प्रशासन तंत्र को और अधिक सकारात्मक बनाना प्रमुख है । मेरी सरकार ने नीतियों से मोलिक परिवर्तन करते हुए यह निर्णय लिया है कि अवस्थापना सुबिधाओं के विकास में निजी क्षेत्र को भी प्रोत्साहित किया जायेगा । उद्योगों की स्थापना और उनके संचालन में आने वाली कठिनाईयों को दूर करने के लिये श्रम, पर्यावरण तथा प्रदूषण नियंत्रण, विक्रीकर, विद्युत व्यवस्था आदि संबंधी प्रक्रियाओं को सरलीकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया गया है । क्षेत्रीय विषमताओं को दूर करने के तथा औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े उत्तरांचल, बुन्देलखण्ड तथा पूर्वांचल के विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है । निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिये आवश्यक सुबिधायें प्रदान की गयी हैं । खादीस, रेशम और अन्य ग्रामोद्योगों के लिये सुबिधाओं का विस्तार किया जा रहा है ताकि स्वरोजगार में वृद्धि हो सके ।

26-प्रदेश के अन्दर रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध हों इसके लिये न सिर्फ स्वदेशी उत्पादन बल्कि स्वदेशी मनोवृत्ति एवं आधुनिकीकृत स्वदेशी तकनीकी को पूर्ण प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर मेरी सरकार बल देती है ।

27- मेरी सरकार औद्योगिक श्रमिकों के हितों की रक्षा के प्रति भी जागरूक है । स्वस्थ श्रमिक संगठन राज्य के औद्योगिक विकास में सहायक होंगे । औद्योगिक विकास एवं श्रमिक कल्याण का सीधा सम्बन्ध है । मुझे प्रसन्नता है कि इस वर्ष

औद्योगिक सम्बन्ध अपेक्षाकृत सौहार्दपूर्ण रहे । पिछले 8 महीनों में 21 अधिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों की न्यूनतम वेतन दरों का पुनरीक्षण किया गया । इससे संगठित क्षेत्र के लगभग 50 लाख श्रमिकों को लाभ मिला है । संगठित क्षेत्र के उन श्रमिकों को बोनस अधिनियम के अन्तर्गत लाया गया है जो ऐसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में काम करते हैं जहां उनकी संख्या 10 से ऊपर है ।

28- जन जीवन एवं राज्य के औद्योगिक व आर्थिक विकास में विद्युत का महत्वपूर्ण स्थान है । मेरी सरकार को एक रुग्ण विद्युत परिषद् को पुनर्जीवित करने की जिम्मेदारी मिली है । इस वर्ष सिंचाई एवं कृषि कार्यों के लिये पर्याप्त विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की गई । उपभोक्ता सुविधाओं में प्रसार को ठोस कदम उठाया गया । विद्युत कनेक्शन देने की प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया। औद्योगिक क्षेत्र में जनरेटर लगाने हेतु पूर्व स्वीकृति की अनिवार्यता से इकाई को मुक्त कर दिया गया है । परिषद के व्यय में मितव्ययिता और विद्युत चोरी रोकने के लिये प्रभावी कदम उठाये गये हैं। विद्युत राजस्व की वसूली में लगभग 30% की वृद्धि हुई है। जहां एक ओर विद्युत परिषद की कार्य प्रणाली में सुधार के कदम उठाये जा रहे हैं वही ऊर्जा उत्पादन हेतु भी नये रचनात्मक निर्णय लिये गये हैं । मेरी सरकार का यह प्रयास है कि श्रीनगर परियोजना को पुनर्जीवित किया जाय जिसके लिये विश्व बैंक ने अप्रैल, 1991 में शर्तों के उल्लंघन के कारण ऋण का वितरण स्थगित कर दिया था ।

29- मेरी सरकार की यह नीति है कि प्रदेश के प्रत्येक अंचल में वहां की स्थानीय आवश्यकताओं तथा संसाधनों को देखते हुए ऐसी बहुमुखी तथा बहुआयामी योजनाओं का विस्तार हो जिनमें निरंतर रोजगार देते रहने की संभावनायें हों और जो स्थानीय अर्थ व्यवस्था को गतिशीलता भी प्रदान करें। इस हेतु सरकार ऐसे आर्थिक कार्यक्रम अपनायेगी जिनमें अधिकतम लोगों को उनके गांव में ही पर्याप्त अवधि के लिये रोजगार मिले । ऐसा करने से आर्थिक विकास तो होगा ही, ग्रामीण युवकों का शहरों की ओर पलायन भी रुकेगा । मूर्त रूप प्रदान करने हेतु गत सितम्बर माह में 'दीन दयाल विकास योजना' प्रारम्भ की गई । शासन इस योजना में सेवायोजक की नहीं, वरन् प्रेरक की भूमिका निभायेगा । अब तक 7 परियोजनायें-सघन मिनी डेरी योजना, पशु विकास की स्वरोजगार योजना, बुन्देलखण्ड उद्यानीकरण योजना, मत्स्य आस्थान विकास योजना तथा पर्वतीय क्षेत्र के लिये "न्यू माडल चर्खा" योजना स्वीकृत की गई है। अनुमान है कि इन योजनाओं से चालू वित्तीय वर्ष में लगभग 76 हजार स्थायी रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे, साथ ही काफी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार की संभावनायें भी बढ़ेंगी ।

30-सामान्य प्रजातियों के गन्ने का परामर्शित मूल्य 45 रुपये प्रति क्विंटल तथा विशेष प्रजातियों का 48 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष की अपेक्षा 4 रुपये अधिक है, उससे लगभग 30 लाख कृषकों की खुशहाली बढ़ेगी उन्हें इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में 150 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि गन्ना मूल्य के रूप में प्राप्त होगा । मेरी सरकार की घोषित नीति के अनुसार राज्य की सहकारी तथा निजी क्षेत्र की चीनी मिलों द्वारा वर्ष 1990-91 के लिये देय गन्ना मूल्य का शतप्रतिशत भुगतान 31 अक्टूबर, 1991 तक किया जा चुका है ।

गांवों के आर्थिक विकास के लिये पशुपालन के कार्य को समुचित महत्व दिया जा रहा है । पशुओं के लिये चिकित्सक, चिकित्सालय एवं रोग नियंत्रण सुविधाओं में विस्तार किया जा रहा है। मेरी सरकार चालू वर्ष में 60 अतिरिक्त पशु चिकित्सालयों की स्थापना कर रही है । कुक्कुट विकास कार्यक्रमों को गतिशील बनाने के लिये निजी पूंजी निवेश को प्रोत्साहित किया जायेगा । सरकार गोवंशीय पशुओं के संरक्षण एवं परिरक्षण के लिये अपनी प्रतिबद्धता के अन्तर्गत गोवंशीय पशुओं के बध का पूर्ण निषेध करेगी ।

31- महिलाओं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की निर्धन महिलाओं के परम्परागत कोशल में सुधार करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं जिससे उनके आर्थिक स्तर में सुधार हो और वे स्वावलम्बी हो सकें। उनके उत्पादों के विपणन की व्यवस्था में उनकी सहायता की योजना प्रारम्भ की गयी है जिससे उनको अपने उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त हो सके । एकल कामकाजी महिलाओं के लिये छात्रावास बनाये जा रहे हैं । अनुसूचित जाति/तथा शहरों में गन्दी एवं मलिन बस्तिओं के छः वर्ष तक के कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती /धात्री महिलाओं को कुपोषण तथा अस्वस्थता से बचाने के लिये अनुपूरक पोषाहार, तथा उन्हें स्वस्थ्य एवं चिकित्सा संबंधी सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश के 313 विकास खण्डों में समन्वित बाल विकास परियोजनायें संचालित की जा रही हैं।

32-राष्ट्र निर्माताओं की श्रेणी में अग्रणी भारत रत्न डा0 बाबा साहब भीम राव अम्बेदकर की जन्म शताब्दी के वर्ष में मेरी सरकार समाज में दलितों एवं शोषितों के उत्थान की दिशा में उनके अथक प्रयासों को श्रद्धा से स्मरण करती है और उनकी इस शुरुवात को परिणाम देने में अपने संकल्प को दुहराती है। अनुसूचित जाति तथा जनजाति के व्यक्तियों के शैक्षिक, सामाजिक एवं आर्थिक विकास में विशेष गति लाने हेतु मेरी सरकार ने अनेक नये कदम उठाये हैं ।

इस वर्ष से छात्रवृत्ति योजना का विकेन्द्रीकरण किया गया है। अब छात्रवृत्ति स्थानीय स्तर पर ही वितरित की जायेगी । स्वस्थ्य शैक्षिक वातावरण में पठन-पाठन के लिये अनुसूचित जाति के छात्रों को छात्रावासों की सुबिधायें बढ़ायी जायेंगी। आश्रम पद्धति विद्यालयों की संख्या में भी वृद्धि की जा रही है ।अनुसचित जाति/जनजाति हेतु छात्रवृत्ति की दरों एवं आच्छादन में वृद्धि के आदेश दिये गये हैं ।

इस वर्ष 'डा0 अम्बेदकर जन्मशती निधि' की स्थापना की गयी है जिससे अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कक्षा 10 तथा 12 की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जायेगी । अनुसूचित जाति बहुल संज्ञानित अम्बेदकर गांवों का समग्र विकास आदर्श ग्रामों के रूप में प्रभावी ढंग से किया जा रहा है ।

समाज के पिछड़े वर्गों को मुख्य जीवन धारा से जोड़ने के लिये शिक्षण एवं सेवा योजना स्तर पर इन्हें अनेक प्रोस्साहन एवं संरक्षण दिये जा रहे हैं । मेरी

सरकार का यह दृढ़ मत है कि कोई किसी भी कारण क्यों न पिछड़ा हो वह पिछड़ा है अतः उसे आगे बढ़ने का समान अवसर उपलब्ध कराया जाना चाहिये। विभिन्न वर्गों के लिये आरक्षित पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने के निर्देश दिये जा चुके हैं । पिछड़े वर्ग के उद्यमियों को प्रोत्साहित कर प्रदेश की औद्योगिक धारा से जोड़ने के लिये कार्यक्रम बनाये जा रहे हैं ।

33- व्यक्ति का समग्र विकास करने तथा उसे राष्ट्रीय अस्मिता का बोध कराने और राष्ट्रीय जीवन, आदर्शों तथा आकंक्षाओं की संप्राप्ति सुनिश्चित करने के लिये, शिक्षा के महत्व की दृष्टि में मेरी सरकार प्राथमिक स्तर पर शिक्षा का सार्वभौमीकरण करने, गुणवत्ता में सुधार लाने और बालिकाओं की शिक्षा के प्रसार के लिये कटिवद्ध है । नैतिक और चारित्रिक विकास पर बल देने की आवश्यकता है ताकि हमारे बालक ओर बालिकायें अच्छे नागरिक बन सामाजिक ओर राष्ट्रीय वातावरण को स्वच्छ तथा राष्ट्रीय चरित्र को उत्तम बना सकें । राज्य में शत प्रतिशत साक्षरता लाने के कार्यक्रमों में तेजी लायी जायेगी । माध्यमिक स्तर पर विज्ञान की शिक्षा व्यवस्था को समुन्नत बना कर उसमें गुणात्मक सुधार लाने के लिये प्रयोगशालाओं की व्यवस्था शीघ्र करने का प्रयास किया जायेगा ।

34- उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार लाने, विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्रदेश के बाहर स्थित अन्य विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम से एकरूपता लाने और वित्तीय अनुशासन को प्रभावी बनाते हुए एकरूपता लाने और वित्तीय संसाधनों में अभिवृद्धि करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा परामर्शदात्री समिति का गठन किया गया है जिसमें देश के प्रसिद्ध शिक्षाविद नामित किये गये हैं । इस राज्य में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली की टीम प्रथम बार गत दिसम्बर माह में आयी थी और उसने अष्टम पंचवर्षीय योजना के लिये लगभग 40 करोड़ रुपये अनुदान आयोग के रूप में आवंटित किये गये । अशासकीय महाविद्यालयों में शिक्षकों के पदों पर तदर्थ नियुक्तियों का प्राविधान था जिसके कारण सदैव उनके विनियमितीकरण की मांग बनी रहती थी संबंधित अधिनियम में संशोधन करके उक्त व्यवस्था को समाप्त करा दिया गया है ताकि अशासकीय महाविद्यालयों में नियुक्तियां नियमित रूप से हों साथ ही तदर्थ रूप से कार्यरत शिक्षकों के विनियमितीकरण के लिये प्राविधान भी कर दिये गये हैं। उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में अध्ययनरत युवक-युवतियों में बन्धुत्व अनुशासन तथा राष्ट्रीय भावना जागृत करने के उद्देश्य से और उनकी ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक कार्यक्रमों में करने के लिये 'रोवर रेंजर' योजना लागू की गई है।

35- छात्रों और युवाओं को सही दिशा देने, उनके स्वास्थ्य और स्वस्थ मानसिक विकास के लिये, तथा उसमें भाई चारे की भावना पैदा करने के लिये कई सुविधायें प्रदान की गई हैं। लखनऊ में स्पोर्ट्स अथारिटी आफ इण्डिया के उत्तरी क्षेत्र के केन्द्र की स्थापना किये जाने का भी प्रस्ताव विचाराधीन है । उदीयमान खिलाड़ियों को विशेष प्रोत्साहन देने के लिये अनुदान आयोग के लिये एक 'स्पोर्ट्समैन बेलफेयर ट्रस्ट' की स्थापना की गयी है।

36- राज्य की जनता को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उचित ढंग से दिलाने के लिये मेरी सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं । चिकित्साधिकारियों के बहुत से पद खाली चले आ रहे हैं, जिसके कारण, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में वांछित चिकित्सा सुबिधा उपलब्ध नहीं हो पाती हे। मेरी सरकार ने इन सभी रिक्त पदों पर प्राथमिकता के आधार पर भर्ती करने का निर्णय लिया है । राजकीय चिकित्सालयों तथा औषधालयों में औषधियों की कमी को दूर करने के लिये नयी नीति अपनायी गई है, जिससे सीमित संसाधनों में भी अधिक उपयोगी औषधियां अधिक मात्रा में चिकित्सालयों में आने वाले जनसाधारण को उपलब्ध हो सकेंगी । जिला और अन्य प्रमुख राजकीय चिकित्सालयों में रोगियों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए उनके सुधार, विस्तार एवं आधुनिकीकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है ।

37-नगरों में अच्छी नागरिक सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये मेरी सरकार कटिवद्ध है । स्वच्छता, जल सम्पूर्ति, मार्ग प्रकाश व्यवस्था और जलोत्सारण की सुविधाओं में सुधार लाया जायेगा । स्थानीय निकायों के कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने के लिये नई प्रणाली प्रारम्भ की जा रही है । आवासीय आवश्यकताओं की पूर्ति की दिशा में नगर क्षेत्रों में ग्रुप हाउसिंग और सहकारिता के आधार पर आवासीय निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिये आवास विकास परिषद और विकास प्राधिकरणों द्वारा भूमि की व्यवस्था में सहयोग दिया जायेगा । नगर भूमि सीमारोपण अधिनियम के अन्तर्गत होने वाली कठिनाई से जनता को बचाने के लिये उक्त अधिनियम के अन्तर्गत अनापत्ति प्रमाण-पत्र और छूट के प्रस्ताव समयवद्ध रूप से निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं ।

38- हरिद्वार में सुप्रसिद्ध अर्धकुम्भ मेला प्रारम्भ हो गया है जिसमें लगभग 80 लाख तीर्थ यात्रियों के आने की सम्भावना है । मेरी सरकार ने मेले के सफल आयोजन तथा तीर्थ यात्रियों के लिये विभिन्न सुविधाओं की व्यवस्था एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया है । इस संबंध में व्यापक तैयारियां की गई हैं ।

39- विकास के लिये अपेक्षित अवस्थापना सुविधा में मार्गों ओर पुलों का प्रमुख स्थान है। मेरी सरकार सीमित संसाधनों का निवेश इस मद में इस प्रकार करेगी कि अधिकतम लम्बित कार्यों को उपयोगिता के स्तर तक पूर्ण किया जा सके । यह दुखद है कि विगत वर्षों में संसाधनों की उपलब्धता को नजरअंदाज करते हुए मार्गों एवं पुलों की स्वीकृति दे दी गई है जिसमें अनेक योजनायें या तो आरम्भ ही नहीं हो सकी या उपयोगिता के स्तर तक पूर्ण नहीं हो सकीं । इससे एक ओर फिजूलखर्ची को बढ़ावा मिला दूसरी ओर स्वीकृत कार्यों के अनुपात में अनावश्यक अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि हुयी । आठवीं पंचवर्षीय योजना की संरचना में भी अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने तथा विद्यमान परिसम्पत्तियों के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है। नये कार्यों में न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रमों की परिधि में आने वाले ग्रामों तथा अनुसूचित जाति

एवं जनजाति बहुल ग्रामों को मुख्य मार्गों से पक्के मार्ग द्वारा सम्बद्ध करने की योजनाओं को प्राथमिकता दी जायेगी ।

40-उत्तरांचल के तीव्र विकास के लिये अपनी प्रतिवद्धता के अनुरूप मेरी सरकार ने अनेक कदम उठाये हैं । पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये पर्यटन ग्रिड योजना का विस्तार तथा शीतला खेत, पौड़ी को नये पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा । अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ करने का निर्णय लिया गया है । बागवानी एंव कृषि विकास के विशेष कार्यक्रम अपनाये गये हैं । एक जड़ी-बूटी शोध एवं विकास संस्थान की स्थापना की जा रही है । पुरानी पेय जल योजनाओं को पुनर्गठित करने तथा क्षतिग्रस्त योजनाओं के जीर्णोद्धार का व्यापक कार्यक्रम बनाया गया है । एकल ग्राम पेय जल योजना के अन्तर्गत योजना को उसी ग्रामसभा द्वारा चलाने और रख-रखाव का कार्य सौंपने का निर्णय लिया गया है । इसके साथ उत्तरांचल के सभी जनपदों में प्रशासनिक व्यवस्था उत्तरांचल के सभी जनपदों में प्रशासनिक व्यवस्था भी सुदृढ़ किये जाने का निर्णय लिया गया है। विभिन्न विभागों में अंशकालिक तथा तदर्थ नियुक्ति की व्यवस्थाओं को समाप्त करके नियमित एवं पूर्ण-कालिक नियुक्तियां की जा रही हैं ।

41-उत्तर प्रदेश में पर्यटन के विकास की अपार सम्भावनायें हैं । धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थानों में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। अयोध्या में रामकथा पार्क परियोजना को कार्यान्वित किया जा रहा है । सारनाथ के समन्वित पर्यटन विकास के लिये एक परियोजना को अंतिम रूप दिया गया है जिसका कार्यान्वयन आगामी वित्तीय वर्ष में प्रारम्भ किया जायेगा । आगरा में ताजमहल के पीछें तथा दोनों ओर ताज नेशनल पार्क परियोजना भारत सरकार तथा यू0एस0 नेशनल पार्क सर्विस के सहयोग से बनायी जा रही है ।

42-मेरी सरकार राज्य के औद्योगिक और व्यापारिक विकास तथा उपभोक्ता के हितों को ध्यान में रखते हुए वर्तमान कर ढांचे को युक्तिसंगत बनाने के लिये वचनवद्ध है। इस वचनबद्धता के अनुरूप एक अप्रैल, 1990 या उसके पश्चात् स्थापित औद्योगिक इकाइयों की छूट की अवधि को बढ़ाकर 10 वर्ष कर दिया गया है । इकाइयों के विस्तार, विविधीकरण तथा आधुनिकीकरण पर भी बिक्रीकर से छूट दे दी गयी है। बैंक अथवा निगम से वित्त-पोषित इकाइयों को भी नई इकाइयों के रूप में छूट की सुविधा दी गयी है । रुग्ण इकाइयों को सुविधा देने के लिये देयों की वसूली स्थगित करने का प्राविधान किया गया है । समाज के विभिन्न वर्गों तथा छोटे व्यापारियों को सुविधा देने के लिये दैनिक उपयोग की कई वस्तुओं को बिक्रीकर से मुक्त कर दिया गया है । स्वच्छ छवि वाले करदाताओं को सम्मानित करने के लिये राजकीय एवार्ड देने का भी निर्णय लिया गया है । विक्रीकर की दरों के सुवयवस्थीकरण तथा प्रक्रिया सरलीकरण के संबंध में सुझाव प्राप्त करने हेतु एक सरलीकरण समिति गठित की गई थी जिसकी रिपोर्ट शासन को प्रेषित कर दी गयी है । समिति की संस्तुतियों पर शीघ्र निर्णय लिया जायेगा । और इस सम्बन्ध में अग्रतर प्रयास जारी रहेंगे ।

43- ग्रामीण जनता की सुविधा के लिये राजस्व प्रशासन को गतिशील बनाया जा रहा है । उत्तराधिकार के निर्विवाद मामलों का निस्तारण एक माह में सुनिश्चित किये जाने के आदेश दे दिये गये हैं । निर्विवाद उत्तराधिकार के मामलों के निस्तारण में राजस्व विभाग द्वारा अगस्त, 91 से एक विशेष अभियान आयोजित किया गया जिसके अन्तर्गत दिसम्बर, 91 तक 9 लाख 23 हजार 658 मामले निस्तारित किये गये जो एक उल्लेखनीय कीर्तिमान है । अभिलेखों की स्थिति में सुधार तथा आधुनिकीकरण के उद्देश्य से 'पंडित दीन दयाल उपाध्याय भूमि प्रबन्ध संस्थान' की स्थापना करने का निर्णय लिया गया है। चक मार्गों पर अवैध कब्जों को हटाने के लिये आवश्यक कदम उठाये गये हैं ।

44-प्रशासन तंत्र को स्वच्छ, गतिशील और उत्तरदायी बनाने के लिये मेरी सरकार कृत संकल्प है । पूर्व सरकारों ने प्रशासन तंत्र को सार्वजनिक हित के बजाय वर्ग विशेष अथवा व्यक्ति विशेष के हित के लिये दुरुपयोग किया है । अतः मेरी सरकार के सामने यह चुनौती थी कि जनता में प्रशासन तंत्र के प्रति नया विश्वास जगाये । प्रशासन के प्रत्येक स्तर, मुख्य रूप से तहसील, थाना एवं विकास खंड स्तर पर यह स्पष्ट कर दिया गया है कि संवेदनशील प्रशासन प्रदान करने हेतु प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी को निष्पक्षता एवं न्यायप्रियता के साथ अपना दायित्व निभाना होगा, ताकि हर वर्ग हर जाति के नागरिक को यह महसूस हो सके कि वर्तमान प्रशासन में सभी की जान-माल एवं इज्जत की सुरक्षा हो रही है और प्रशासन तंत्र उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप काम कर रहा है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मनोबल बनाये रखने के लिये मेरी सरकार उन्हें समुचित संरक्षण एवं प्रोत्साहन देगी । जहां एक ओर लोक सेवकों को जनाकांक्षाओं के अनुरूप पूर्ण संवेदना के साथ उत्कृष्ट जन सेवा हेतु प्रेरित किया जायेगा वहीं दूसरी ओर निकृष्ट एवं भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध समय से कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये जा चुके हैं ।

45- राष्ट्र की प्रगति और सामाजिक स्थिरता के लिये न्याय-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा राज्य की जनता को सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने के लिये सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। मेरी सरकार न्यायालयों में पूर्ण रूप से हिन्दी के प्रयोग को सुनिश्चित करेगी । न्यायालयों में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिये पं0 दीन दयाल उपाध्याय हिन्दी निर्णय पुरस्कार योजना प्रारम्भ की गई है । कानूनी सहायता एवं परामर्श बोर्ड को और अधिक उपयोगी एवं गतिशील बनाने का प्रयास किया जा रहा है ।

46- माननीय सदस्यगण, मैंने आपके समक्ष अपनी सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की रूपरेखा, इसकी दिशा एवं प्रमुख नीतियों को संक्षेप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। इसी सत्र में आपके समक्ष बजट प्रस्तुतीकरण के अवसर पर वर्तमान कार्यक्रमों की उपलब्धियों एवं नये कार्यक्रमों का विस्तार से जानकारी का एक ओर अवसर उपलब्ध होगा। मैंने आपके समक्ष उन विषयों पर भी प्रकाश डाला है जो केन्द्र की नीति में निर्णयों से संबंधित है । मुझे विश्वास है कि आप सभी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश के विकास एवं कल्याण हेतु एकजुट होकर अपनी बात कह सकेंगे ।

47-विगत सत्र के बाद मैने कुछ अध्यादेश प्रख्यापित किये हैं, जिनको प्रतिस्थापित करने वाले विधेयक और कुछ अन्य विधेयक भी, आपके समक्ष इस सत्र में प्रस्तुत किये जायेंगे जिन्हें पारित करने की आपसे अपेक्षा की जायेगी । इस सत्र में वित्तीय वर्ष 1992-93 का आय-व्ययक और वर्ष के एक भाग के लिये लेखानुदान आपके समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 1991-92 के लिये अनुपूरक मांगें भी प्रस्तुत की जायेंगी ।

48-भारत की आत्मा उसकी समृद्धि सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली परम्पराओं में निहित है । हमारे पूर्वजों का जीवन और चिंतन सबके सुख,शान्ति और खुशहाली के लिये निरंतर प्रेरणा देता रहा है । हमें उनकी इस प्रेरणा को कार्यरूप देना है। यह उसी दिशा में सम्भव है, जब हम राष्ट्र के प्रति गौरव एवं सम्मान तथा सब के प्रति प्रेम की भावना रखें । हमारे वैचारिक मतभेद हो सकते हैं परन्तु राष्ट्रहित को सबसे ऊपर रखें । और सेवा-भाव से विकास के कार्यों में जुट जायें । मुझे आशा ही नहीं वरन् पूर्ण विश्वास है कि किसी भी परिस्थिति में आप समाज में किसी प्रकार की विकृति न आने देंगे और राज्य की आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति , सुख ओर समृद्धि एवं शान्ति और कल्याण के लिये ऐसे समाज के निर्माण में सहायक होंगे जिसमें सब सुखी रहें, सब नीरोग रहें, सब का कल्याण हो ओर कोई दुख का भागी न हो ।

सर्वे भवन्तु सुखिनः
सर्वे सन्तु निरामयाः ।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु,
मा कश्चित् दुःख भाग्भवेत् ।।

49-इसके पूर्व कि मैं अपना अभिभाषण समाप्त करूं मैं आपको यह स्मरण कराना चाहूंगा कि लोकतंत्र का भविष्य बहुत कुछ इस बात पर निर्भर है कि यहां आप क्या करते हैं और सदन के बाहर आपका व्यवहार कैसा है। आप अपने कार्य और आचरण से दूसरों के लिये अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेंगे । अतः मैं आपसे यह आशा करता हूं कि आप सदैव इस सदन की उच्च गरिमा एवं पवित्रता को बनाये रखेंगे । मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके विचार-विमर्श सदैव गम्भीरता निःस्वार्थ सेवा एवं सार्वजनिक कर्तव्यों के प्रति निष्ठा होगी । ईश्वर से प्रार्थना है कि वह आपको शक्ति दे जिससे आप जनता की सेवा में अग्रणी रहें । इन शब्दों के साथ मैं आपको अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु आहूत करता हूँ ।

जय हिन्द ।

नोट-()यह अंश पढ़ा हुआ माना गया ।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 1991 +

गृह राज्य मंत्री (श्री सूर्य प्रताप शाही)-
मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा (पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) (संशोधन) (तृतीय) अध्यादेश, 1991 +

गृह राज्य मंत्री (श्री सूर्य प्रताप शाही)-
मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) (संशोधन) (तृतीय) अध्यादेश, 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश सरकारी वाद (अभिवक्ताओं का आबन्धन) (चतुर्थ) अध्यादेश,1991 +

सिंचाई न्याय तथा विधायी मंत्री (श्री ओम प्रकाश सिंह)-
मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश सरकारी वाद (अभिवक्ताओं का आबन्धन) (चतुर्थ) अध्यादेश, 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

मुख्य मंत्री द्वारा अपने साथ ब्रीफकेस साथ ले जाने के संबंध में व्यवस्था का प्रश्न

श्री प्रमोद तिवारी-
मान्यवर, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है । अभी कल ही आपका एक परिपत्र सभी माननीय सदस्यों को प्राप्त हुआ है जिसमें यह लिखा है कि कोई भी सदस्य अपने साथ ब्रीफकेस लेकर न आये । लेकिन हमारे माननीय मुख्य मंत्री जी अपने साथ ब्रीफकेस लेकर आये हैं। बस मुझे इतना [illegible]ना है ।
श्री अध्यक्ष-
यह बात मैंने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान कही थी न कि राज्यपाल के अभिभाषण के बाद ।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) (तृतीय) अध्यादेश, 1991 +

उच्च शिक्षा, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री (डा0 नरेन्द्र कुमार सिंह गौर)-
मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) (तृतीय) अध्यादेश, 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश म्युनिसिपैलिटी नोटीफाइड एरिया और टाउन एरिया (अल्पकालिक व्यवस्था) (संशोधन) अध्यादेश, 1991 +

नगर विकास मंत्री (श्रीमती प्रेमलता कटियार)-
मान्यवर मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश म्युनिसिपैलिटी नोटीफाइड एरिया और टाउन एरिया (अल्पकालिक व्यवस्था) (संशोधन)अध्यादेश, 1991 को सदन के पटल पर रखती हूं ।

+ छापा नहीं गया ।

उत्तर प्रदेश लोक धन (देयों की वसूली) (संसोधन) अध्यादेश, 1991 +

राजस्व राज्य मंत्री (श्री बालेश्वर त्यागी)-
मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश लोक धन (देयों की वसूली) (संसोधन) अध्यादेश, 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) अध्यादेश, 1991 +

वित्त, संस्थागत वित्त, संसदीय कार्य एवं नियोजन मंत्री (श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त)-
मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) अध्यादेश, 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश स्टेट सीमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड (अंशों का अर्जन) अध्यादेश, 1991 +

गृह राज्य मंत्री (श्री सूर्य प्रताप शाही)-
मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश स्टेट सीमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (अंशों का अर्जन) अध्यादेश, 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) (संशोधन) अध्यादेश, 1991 +

गृह राज्य मंत्री (श्री सूर्य प्रताप शाही)-
मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) (संसोधन) अध्यादेश, 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 1991 +

उच्च शिक्षा, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री (डा0 नरेन्द्र कुमार सिंह गौर)-
मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संसोधन) अध्यादेश 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 1991 +

उच्च शिक्षा, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री (डा0 नरेन्द्र कुमार सिंह गौर)-
मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश विक्री-कर (संशोधन) अध्यादेश, 1991 +

वित्त, संस्थागत वित्त, संसदीय कार्य एवं नियोजन मंत्री (श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त)
मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश बिक्रीकर (संशोधन) अध्योदश, 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

+ छापा नहीं गया ।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (तृतीय संशोधन) अध्यादेश, 1991 *

सहकारिता मंत्री (श्री सुधीर कुमार बलियान)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (तृतीय संसोधन) अध्यादेश, 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था)(तृतीय संशोधन) अध्यादेश, 1991

कृषि मंत्री (श्री गंगा भक्त सिंह)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) (तृतीय संशोधन) अध्यादेश, 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 1991 *

उच्च शिक्षा, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री (श्री नरेन्द्र कुमार सिंह गौर)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 1991 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

व्यवस्था का प्रश्न उठाने का प्रयास

श्री हृदय नारायण दीक्षित-

मान्यवर, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है । अनुच्छेद-213 में श्री राज्यपाल के विधायी अधिकारों का उल्लेख है । इसमें यह लिखा हुआ है कि उस समय को छोड़कर जब विधान मण्डल के दोनों सदन सत्र में हैं, यदि किसी समय राज्यपाल का यह समाधान हो जाता है कि ऐसी परिस्थितियां विद्यमान हैं जिनसे निपटा जाना आवश्यक है .....

श्री अध्यक्ष-

यह कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है । आप कृपया बैठ जाइये ।

उत्तर प्रदेश मोटर गाड़ी कराधान (संशोधन) अध्यादेश, 1992 *

आबकारी, परिवहन, एवं पुर्त धर्मस्व मंत्री (श्री सत्य प्रकाश विकल)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश मोटर गाड़ी कराधान (संशोधन) अध्यादेश, 1992 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) अध्यादेश, 1992 *

सहकारिता मंत्री (श्री सुधीर कुमार बालियान)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) अध्यादेश, 1992 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश, 1992 को सदन के पटल पर रखे जाने पर आपत्ति *

मद संख्या- 19 पुकारे जाने पर

श्री प्रमोद कुमार तिवारी-

मान्यवर, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है । आप कानून के रक्षक हैं, तथा इस पूरे प्रदेश के भी रक्षक हैं । आप जो व्यवस्था देंगे वह हमें शिरोधार्य होगी ।

---

* छापा नहीं गया ।

श्रीमन् परीक्षा प्रणाली के नाम पर जो यह अध्यादेश इस सदन में लाया जा रहा है, इससे केवल छात्र ही नहीं बल्कि अभिभावक और साथ ही पूरे प्रदेश का समाज भी प्रभावित होगा । इसलिये मेरा आपसे अनुरोध है कि आप इस अध्यादेश को सदन के पटल पर न रखने दें ।

उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निराकरण) अध्यादेश, 1992 ।

माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (श्री अमरनाथ यादव)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अध्यादेश, 1992 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद उत्पादन निगम लिमिटेड (उपक्रम का अर्जन और अन्तरण) अध्यादेश, 1992 ।

ऊर्जा राज्य मंत्री (श्री रविकान्त गर्ग)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (उपक्रम का अर्जन और अन्तरण) अध्यादेश, 1992 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश, 1992 को सदन के पटल पर रखे जाने पर आपत्ति (क्रमागत)

(मद संख्या-21 पुकारे जाने पर)

श्री बेनी प्रसाद वर्मा-

मान्यवर, नकल वाले अध्यादेश को वापस करायें, इस तरह की आपत्तियां पहले भी उठायी जाती रही हैं और अध्यक्ष पीठ से इस पर व्यवस्थायें भी दी जाती रही हैं । श्रीमन् यह सरकार छात्रों, किसानों और पूरे प्रदेश की जनता के साथ अन्याय कर रही है ।

श्री अध्यक्ष-

यह कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है, आप स्थान ग्रहण करें ।

(इस पर विरोध पक्ष के कई सदस्य सदन के फ्लोर पर आ गये और किसान विरोधी यह सरकार, नहीं चलेगी, नहीं चलेगी, तथा काला अध्यादेश वापस लो, वापस लो आदि नारे लगाने लगे जिससे सदन में घोर व्यवधान उत्पन्न हो गया)

(घोर व्यवधान के मध्य)

रुड़की विश्वविद्यालय, रुड़की का वार्षिक लेखा वर्ष 1987-88 एवं महालेखाकार, उत्तर प्रदेश द्वारा रुड़की विश्वविद्यालय रुड़की के मत वर्ष 1987-88 का सम्परीक्षित वार्षिक लेखा ।

वित्त, संस्थागत वित्त, संसदीय कार्य एव नियोजन मंत्री (श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा सम्प्रेक्षित रुड़की विश्वविद्यालय, रुड़की का वार्षिक लेखा वर्ष 1987-88 एवं महालेखाकार उत्तर प्रदेश द्वारा रुड़की विश्वविद्यालय, रुड़की के वर्ष 1987-88 का सम्परीक्षित वार्षिक लेखा को नियंत्रक महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 19-ए की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं ।

---

1 छापा नहीं गया ।

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का वर्ष 1989 का प्रतिवेदन ।

वित्त, संस्थागत वित्त, संसदीय कार्य एवं नियोजन मंत्री (श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से, भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 1989 को समाप्त हुए वर्ष के लिये प्रतिवेदन संख्या-6 (वाणिज्यिक) उत्तर प्रदेश सरकार को भारत के संविधान के अनुच्छेद 151(2) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं ।

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का वर्ष 1990 का प्रतिवेदन ।

वित्त, संस्थागत वित्त, संसदीय कार्य एवं नियोजन मंत्री (श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से, भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 1990 को समाप्त हुए वर्ष के लिये प्रतिवेदन (राजस्व प्राप्तियां) (1991) की संख्या-1) उत्तर प्रदेश सरकार को भारत का संविधान के अनुच्छेद 151(2) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश नलकूप निगम लिमिटेड लखनऊ का अष्टम वार्षिक प्रतिवेदन 1983-84 ।

सिंचाई राज्य मंत्री (श्री पृथ्वी सिंह)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश नलकूप निगम, लिमिटेड लखनऊ का अष्टम वार्षिक प्रतिवेदन 1983-84 को कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619-ए की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं ।

यू0पी0 स्टेट एग्रो, इण्डस्ट्रियल कारपोरेशन लि0 लखनऊ का सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा-विवरण वर्ष 1983-84 ।

कृषि मंत्री (श्री गंगा भक्त सिंह)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से यू0पी0 स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कारपोरेशन लि0, लखनऊ का सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा-विवरण वर्ष 1983-84 को कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619-ए की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश के वित्तीय निगम के वर्ष 1985-86 के लेखा पर महालेखाकार उत्तर प्रदेश का परीक्षा प्रतिवेदन ।

गृह राज्य मंत्री (श्री सूर्य प्रताप शाही)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम के वर्ष 1985-86 के लेखा पर महालेखाकार, उत्तर प्रदेश द्वारा परीक्षा प्रतिवेदन को राज्य वित्तीय निगम अधिनियम, 1951 की धारा 37(7) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं ।

+ छापा नहीं गया ।

उत्तर प्रदेश सतर्कता आयोग का वर्ष 1988-89 का वार्षिक प्रतिवेदन +

गृह राज्य मंत्री (श्री सूर्य प्रताप शाही)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से, उत्तर प्रदेश सतर्कता आयोग का वर्ष 1988-89 के कार्यकलापों के संबंध में वार्षिक प्रतिवेदन को उत्तर प्रदेश सतर्कता आयोग के गठन संबंधी शासनादेश संख्या ए-3001/25-सी0एक्स-(ए)-64, दिनांक, 8 जुलाई, 1964 के प्रस्तर-4(च) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं ।

31 जुलाई, 1991 को सदन में दिये गये श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रेषित स्वीकृत धन्यवाद प्रस्ताव के संबंध में श्री राज्यपाल के उत्तर का पाठ

घोर व्यवधान के मध्य)

(दिनांक 31 जुलाई, 1991 को विधान मण्डल के एक साथ समवेत् दोनों सदनों के समक्ष राज्यपाल महोदय द्वारा दिये गये अभिभाषण की प्रति धन्यवाद प्रकट करते हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव के संबंध में राज्यपाल महोदय के निम्नलिखित उत्तर को श्री अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम, 19(8) के अन्तर्गत पढ़कर सुनाया)

श्री अध्यक्ष-

"प्रिय अध्यक्ष महोदय आपके पत्र संख्या 1704/वि.स./संसदीय/109/सं/91, दिनांक 20 अगस्त, 1991 के लिये धन्यवाद ।

आपके द्वारा विधान सभा के माननीय सदस्यों को भी अपना धन्यवाद देना चाहूंगा । भवदीय- बी0सत्य नारायण रेड्डी "

उत्तर प्रदेश देशी शराब लाइसेंस का व्यवस्थापन (टेण्डर एवं नीलामी) नियमावली (संशोधन) विधेयक, 1991

सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम, 149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि- उत्तर प्रदेश देशी शराब लाइसेंस का व्यवस्थापन (टेण्डर एंव नीलामी) नियमावली (संशोधन) विधेयक, 1991 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 13 अगस्त, 1991 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 16 अगस्त, 1991 को वापस प्राप्त हो गया ।

उत्तर प्रदेश भूमि निधि (संशोधन) विधेयक, 1991

सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश भूमि विधि (संशोधन) विधेयक, 1991 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 13 अगस्त, 1991 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 16 अगस्त, 1991 को वापस प्राप्त हो गया ।

+ छापा नहीं गया ।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 1991

सचिव, विधान सभा -

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 197 के साथ पंठित उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम 150(1) के अन्तर्गत घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय, संशोधन विधेयक, 1991 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 6 अगस्त, 1991 को पारित हुआ था और जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के विचारार्थ दिनांक 6 अगस्त, 1991 को ही पारेषित किया गया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की दिनांक 7 अगस्त,1991 की बैठक में सदन की मेज पर रखा गया था, के तीन मास से अधिक समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त उक्त विधेयक अभी तक विधान सभा सचिवालय में वापस प्राप्त न हुआ है ।

उत्तर प्रदेश विनियोग (1991-92 का अनुपूरक), विधेयक, 1991

सचिव, विधान सभा -

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश विनियोग (1991-92 का अनुपूरक), विधेयक, 1991 पर जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 8 अगस्त, 1991 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 9 अगस्त, 1991 को वापस प्राप्त हुआ था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 14 अगस्त, 1991 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1991 का उत्तर प्रदेश का उन्नीसवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश जिला परिषद् (अल्पकालिक व्यवस्था)(द्वितीय संशोधन),विधेयक,1991

सचिव, विधान सभा -

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश जिला परिषद् (अल्पकालिक व्यवस्था) (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1991 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 6 अगस्त, 1991 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 8 अगस्त, 1991 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 14 अगस्त, 1991 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1991 का उत्तर प्रदेश का बीसवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था)(द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1991

सचिव, विधान सभा -

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1991 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 6 अगस्त, 1991 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 8 अगस्त, 1991 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 17 अगस्त, 1991 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1991 का उत्तर प्रदेश का इक्कीसवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश भारतीय चिकित्सा (संशोधन) विधेयक, 1991

सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश भारतीय चिकित्सा (संशोधन) विधेयक, 1991 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 6 अगस्त, 1991 के उपवेशन में पारित किया गया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 9 अगस्त, 1991 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 17 अगस्त, 1991 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1991 की उत्तर प्रदेश का बाइसवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1991

सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1991 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 6 अगस्त, 1991 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 8 अगस्त, 1991 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 17 अगस्त, 1991 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1991 का उत्तर प्रदेश का तेइसवां अधिनियम बन गया ।

(घोर व्यवधान)

उत्तर प्रदेश श्री बद्रीनाथ तथा श्री केदार नाथ मंदिर (संशोधन) विधेयक, 1991

(व्यवधान के मध्य)

सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश श्री बद्रीनाथ तथा श्री केदारनाथ मंदिर संशोधन विधेयक, 1991 पर जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 9 अगस्त, 1991 पर जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 13 अगस्त, 1991 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 17 अगस्त, 1991 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1991 का उत्तर प्रदेश का चौबीसवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन (द्वितीय संशोधन), विधेयक, 1991

सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1991 पर जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 9 अगस्त, 1991 की बैठक में पारित किया था, तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 13 अगस्त, 1991 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 17 अगस्त, 1991 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1991 का उत्तर प्रदेश का पच्चीसवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा आयोग और चयन बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 1991

सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा आयोग और चयन बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 1991 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 8 अगस्त, 1991 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 12 अगस्त, 1991 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 20 अगस्त, 1991 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1991 का उत्तर प्रदेश का छब्बीसवां अधिनियम बन गया ।

उ0प्र0 औद्योगिक क्षेत्र विकास (संदेह निवारण और वैधीकरण) विधेयक 1991

सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास (संदेह निवारण और वैधीकरण)विधेयक 1991 पर जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 8 अगस्त, 1991 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 12 अगस्त, 1991 की बैठक में पारित किया था राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 20 अगस्त, 1991 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1991 का उत्तर प्रदेश का 27 वां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश बिक्रीकर (संशोधन और वैधीकरण) विधेयक, 1991

सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश बिक्रीकर (संशोधन और वैधीकरण) विधेयक, 1991 पर जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 13 अगस्त, 1991 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 16 अगस्त, 1991 को वापस प्राप्त हुआ था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 20 अगस्त, 1991 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1991 का उत्तर प्रदेश का अट्ठाइसवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश देशी शराब का लाइसेंस का व्यवस्थापन (टेण्डर एवं नीलामी) नियमावली (संशोधन) विधेयक, 1991

सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश देशी शराब लाइसेंस का व्यवस्थापन (टेण्डर एवं नीलामी) नियमावली (संशोधन) विधेयक, 1991 पर जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 13 अगस्त, 1991 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 14 अगस्त, 1991 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 22 अगस्त, 1991 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1991 का उत्तर प्रदेश का उन्तीसवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश भूमि विधि (संशोधन) विधेयक, 1991

सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश भूमि विधि (संशोधन) विधेयक, 1991 पर जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 13 अगस्त, 1991 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद ने अपनी दिनांक 14 अगस्त, 1991 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 22 अगस्त, 1991 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1991 का उत्तर प्रदेश का तीसवां अधिनियम बन गया ।

विधान सभा सचिवालय, उत्तर प्रदेश

कार्य मंत्रणा समिति द्वारा समय निर्धारण का प्रस्ताव
(व्यवधान के मध्य)

श्री अध्यक्ष-

उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 9 फरवरी, 1992 की बैठक में सदन के दिनांक 10 फरवरी, 1992 से 23 फरवरी, 1992 तक के उपवेशनों के कार्यक्रम को निम्नलिखित रूप में निर्धारित किये जाने की सिफारिश की है :-

फरवरी, 1992	
10 सोमवार	12.30 बजे अपराह्न श्री राज्यपाल के अभिभाषण का पढ़ कर सुनाया जाना (2) औपचारिक कार्य तथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुर:स्थापन आदि ।
11 मंगलवार	निधन के निर्देश (प्रश्नकाल नहीं होगा) ।
12 बुधवार 13 गुरुवार	श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा (प्रथम एवं द्वितीय दिन)
14 शुक्रवार	असरकारी दिवस (असरकारी) दिवस (असरकारी संकल्प)।
15 शनिवार 16 रविवार	बैठक नहीं होगी ।
17 सोमवार	विधायी कार्य ।
18 मंगलवार	श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा (तृतीय दिन) ।
19 बुधवार	श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा (चतुर्थ एवं अंतिम दिन) ।
20 गुरुवार	विधायी कार्य ।
21 शुक्रवार	1. असरकारी दिवस (आधा दिन) 2. विधायी कार्य (आधा दिन) ।
22 शनिवार	बैठक नहीं होगी ।
23 रविवार	बैठक नहीं होगी ।

नोट- दिनांक 11 फरवरी, 1992 को नियम 51, 56, 301 आदि के अंतर्गत सूचनायें न ली जायें और संगत नियमों को निलम्बित करते हुए उस दिन प्रश्न काल न हो और उस दिन की कार्यसूची में प्रश्न न छापे जायें ।

(2) दिनांक 12, 13, 18 तथा 19 फरवरी, 1992 को श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दिनों में नियम 56 के अन्तर्गत सूचनायें न ली जायें।

(व्यवधान के मध्य)

वित्त, संस्थागत वित्त, संसदीय कार्य एवं नियोजन मंत्री (श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त)-
मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से प्रस्ताव करता हूं कि "यह सदन कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिश से, जिसकी सूचना आज अभी श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गई है, सहमत है ।"

(वेल में खड़े विरोध पक्ष के कई सदस्यों ने नारे लगाये कि छात्र विरोधी यह सरकार नहीं चलेगी, नहीं चलेगी)

(व्यवधान के मध्य)

श्री अध्यक्ष-
प्रश्न यह है कि मंत्रणा समिति की सिफारिश विषयक प्रस्ताव, जिसकी सूचना माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा दी गयी है, से सदन सहमत है ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

(व्यवधान सदन के वेल में खड़े विरोध पक्ष के कई सदस्यों ने नारे लगाये राम नाम सत्य है, सरकार नाम सत्य है)

श्री अध्यक्ष-
अब हम उठते हैं और 11 बजे (पूर्वाह्न) कल फिर बैठेंगे ।

(इसके बाद सदन अपरान्ह एक बजे अगले दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया)

लखनऊ :
10 फरवरी, 1992

प्रेम चन्द्र सक्सेना,
सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश ।

पी0एस0यू0पी0-एल0 316 विधान सभा (566)-1992-813 (आफसेट) ।